अनुक्रमांक (अंकों में) / Roll No. (in figures) :

अनुक्रमांक (शब्दों में) / Roll No. (in words) : ____________

[कुल प्रश्नों की संख्या : 15] [Total No. of Questions: 15]
[कुल मुद्रित पृष्ठ : 04] [Total No. of Printed Pages : 04]

[समय : 3.15 घंटे] [Time: 3.15 Hours]
[पूर्णांक : 70] [Maximum Marks : 70]

# कक्षा 11वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2025–26
# Class 11th Half Yearly Examination, 2025-26
# हिन्दी अनिवार्य / HINDI COMPULSORY
# [ 1103 ]

*सामान्य अनुदेश :*
1) परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसका अंक भार अंकित हैं।

***General Instructions :***
1) Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2) Marks for every question are indicated alongside.

## खण्ड – अ

प्र.1 बहुविकल्पीय प्रश्न – (4½+4½+1½=10½)

(क) निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखिए – (6×¾=4½)

चाह नहीं, मैं सुरबाला के
गहनों में गूँथा जाऊँ।
चाह नहीं, प्रेमी–माला में
बिंध प्यारी को ललचाऊँ।।
चाह नहीं, सम्राटों के शव पर,
हे हरि, डाला जाऊँ।
चाह नहीं, देवों के सिर पर
चढ़ूँ, भाग्य पर इठलाऊँ।।
मुझे तोड़ लेना वनमाली!
उस पथ पर देना तुम फेंक।।
मातृ–भूमि पर शीश चढ़ाने।
जिस पथ पर जावें वीर अनेक।।

(i) उक्त पद्यांश का उचित शीर्षक है – (¾)
(क) सुरबाला की चाह (ख) शहीद की अभिलाषा
(ग) आपकी चाह (घ) पुष्प की अभिलाषा

(ii) पद्यांश में निहित सन्देश है – (¾)
(क) फूलों की भाँति यशरूपी गन्ध फैलाना चाहिए।
(ख) वीर सैनिक बनकर दुश्मनों से लोहा लेना चाहिए।
(ग) अपना जीवन देश–सेवा में अर्पित करना चाहिए।
(घ) भाग्य के भरोसे ही रहना चाहिए।

(iii) "मुझे तोड़ लेना वनमाली" यह कथन किसका है? (¾)
(क) देशभक्त वीर का (ख) सुरबाला का (ग) पुष्प का (घ) वनमाली का

(iv) पद्यांश में पुष्प की कौनसी भावना प्रकट हुई है? (¾)
(क) बलिदान की भावना (ख) विनय की भावना
(ग) देशभक्ति की भावना (घ) प्रेम की भावना

(v) पुष्प की अभिलाषा है – (¾)
(क) सुरबाला के गहनों में गूंथा जाना। (ख) सम्राटों के शव पर डाला जाना।
(ग) शहीदों के चरण–रज को स्पर्श करना। (घ) हरि के सिर पर चढ़ाया जाना।

(vi) 'प्रेमी माला' कौन नहीं बिंधना चाहता है? (¾)
(क) पुष्प (ख) प्रेमी (ग) हरि (घ) वीर सैनिक



Scanned with OKEN Scanner

(ख) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में दीजिए – (6×¾=4½)

समय प्रकृति का दिया हुआ सबसे अधिक मूल्यवान उपहार है। उससे उत्तम कोई धन नहीं है। समय का सदा सदुपयोग करना चाहिए। बीता हुआ समय कभी लौटाया नहीं जा सकता है। जीवन में अनेक लोगों को शिकायत होती है कि समय नहीं था या वे कामना करते हैं कि काश मेरे पास कुछ समय और होता। बहुत से व्यक्ति समय निकलने पर पछताते हुए देखे जा सकते हैं। यह सत्य है कि इन लोगों को कुछ समय और मिल जाता तो परिणाम कुछ और ही होता, लेकिन यह संभव नहीं है कि बीते हुए समय को फिर लौटाया जाए। यदि यह अपने कार्य को कुछ समय पहले ही शुरू कर देते तो फिर उन्हें पछताना नहीं पड़ता।

प्रत्येक सफल कार्य का विश्लेषण करने पर ज्ञात होगा कि समय के सदुपयोग ने उस कार्य की सफलता में सर्वाधिक योग दिया है। समय पर कार्य करने वाले व्यक्ति को कभी निराशा का मुँह नहीं देखना पड़ता है। समय पर पढ़ने वाला विद्यार्थी असफल नहीं होता है। समय पर किया गया हर कार्य सफलता में परिवर्तित हो जाता है जबकि समय बीतने पर विशेष प्रयत्नों के बाद भी उसे सिद्ध नहीं किया जा सकता है। समय के मूल्य को विपत्तिकाल में ही पहचाना जाता है। यदि समय रहते कार्य किया जाए तो विपत्ति को दूर से ही टाला जा सकता है। इसलिए समय के मूल्य को समझकर कार्य करना चाहिए। अपने जीवन में समय को नष्ट नहीं करना चाहिए।

(i) इस अवतरण का सर्वाधिक उपर्युक्त शीर्षक है – (¾)
(क) समय ही धन है (ख) समय की समझ
(ग) समय बड़ा बलवान (घ) समय की मांग

(ii) "समय पर कार्य करने वाला व्यक्ति कभी..............................नहीं होता"। (¾)
(क) बीमार (ख) निराश (ग) उपयोगी (घ) पश्चातापी

(iii) समय का मूल्य कब पहचाना जाता है? (¾)
(क) खुशहाली के समय (ख) आसन्न काल में
(ग) विपत्ति काल में (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) समय किसके द्वारा प्रदत्त मूल्यवान उपहार है? (¾)
(क) भगवान का (ख) वैज्ञानिक का (ग) मानव का (घ) प्रकृति का

(v) कौनसा विद्यार्थी असफल नहीं होता? (¾)
(क) आलसी विद्यार्थी (ख) पढ़ाई नहीं करने वाला विद्यार्थी
(ग) समय पर पढ़ने वाला विद्यार्थी (घ) इनमें से कोई नहीं

(vi) निम्न में से क्या कभी लौटाया नहीं जा सकता है? (¾)
(क) रुपया–पैसा (ख) सोना (ग) पुस्तकें (घ) बीता हुआ समय

(ग) निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए – (3×½=1½)

(i) "गाने का ऐसा अंदाज जो एक आम आदमी को भी भावविभोर कर दे।" लता के गानों में शत–प्रतिशत उपस्थित किस विशेषता के बारे में यह कहा है? (½)
(क) लय (ख) सुर (ग) गानपन (घ) राग

(ii) चित्रपट संगीत का मुख्य गुणधर्म है – (½)
(क) गंभीरता (ख) जलदलय और चपलता
(ग) (क) व (ख) दोनों (घ) कोई भी नहीं

(iii) "राजस्थान की रजत बूंदे" रचना में आए बसोली शब्द का तात्पर्य है – (½)
(क) लम्बी डंडी वाला फावड़े जैसा औजार (ख) बांसुरी का एक प्रकार
(ग) कुंई खोदने वाली बड़ी मशीन (घ) छोटी डंडी का छोटे फावड़े जैसा औजार

प्र.2 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (8×¾=6)

(i) जिन शब्दों के स्वरूप में लिंग, वचन, काल, पुरुष एवं कारक आदि के प्रभाव से कोई विकार नहीं होता, उन्हें..............................................कहते हैं। (¾)

(ii) जिन अव्यय शब्दों के द्वारा हर्ष, शोक, घृणा, आश्चर्य इत्यादि भावों की अभिव्यक्ति होती है, उन्हें.............. .................................. अव्यय कहते हैं। (¾)

(iii) गेहूँ तद्भव शब्द का तत्सम रूप..............................................................................है। (¾)

(iv) चाय शब्द..............................................................................भाषा का है। (¾)

(v) जो शीघ्र प्रसन्न हो उसे ..............................................................................कहते हैं। (¾)

(vi) दूसरे लोक से संबंधित, इस वाक्यांश के लिए एक शब्द..............................प्रयुक्त करेंगे। (¾)

(vii) मुख्यतः वाक्य के ..............................................................................अंग होते हैं। (¾)

(viii) रचना के आधार पर वाक्य के..............................................................................भेद होते हैं। (¾)



Scanned with OKEN Scanner

प्र.3 निम्नलिखित अति लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए – (8)

(i) मुंशी वंशीधर द्वारा पकड़ी गई नमक ले जाने वाली गाड़ियाँ किसकी थी? (½)

(ii) मियाँ नसीरुद्दीन ने रोटी पकाने का इल्म कहाँ से सीखा था? (½)

(iii) 'पथेर पांचाली' फिल्म में 'अपू' का किरदार किस लड़के ने निभाया? (½)

(iv) विदाई संभाषण किस अंग्रेज वायसराय के शासन में भारतीयों की स्थिति का खुलासा करता है? (½)

(v) कबीरदास जी को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा? (½)

(vi) मीरा किस राजघराने की कुलवधू थी? (½)

(vii) घर की याद कविता के रचयिता कौन हैं? (½)

(viii) 'साये में धूप' गजल संग्रह के रचयिता कौन हैं? (½)

(ix) जनसंचार के कोई दो कार्य लिखिए। (1)

(x) जनसंचार माध्यमों में द्वारपाल की क्या भूमिका होती है? (1)

(xi) चेलवांजी कौन होते है? (1)

(xii) आलो-आँधारि का क्या अर्थ है? (1)

## खण्ड – ब

प्र.4 निम्नलिखित लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में दीजिए – (14)

(i) धनराम को मोहन के किस व्यवहार पर आश्चर्य होता है और क्यों? (1)

(ii) लेखिका मियाँ नसीरुद्दीन के पास क्यों गई? (1)

(iii) कर्जन को इस्तीफा क्यों देना पड़ा? (1)

(iv) मायके आई बहन के लिए कवि ने घर को परिताप का घर क्यों कहा है? (1)

(v) कवि ने चंपा को पढ़ने-लिखने के कौन-कौनसे लाभ गिनाए? (1)

(vi) "तेरा निज़ाम है सिल दे जुबान शायर की" पंक्ति का क्या आशय है? (1)

(vii) बेबी हालदार को रातभर खुले आसमान के नीचे क्यों रहना पड़ा? (2)

(viii) कुंई से पानी निकालने में छोटी बाल्टी के बदले छोटी चड़स का उपयोग क्यों किया जाता है? (2)

(ix) लेखक ने लता के गायन की क्या विशेषताएं बताई हैं? (2)

(x) भारत में टेलीविजन की शुरुआत कब हुई थी तथा जनसंचार दूरदर्शन के कोई तीन उद्देश्य लिखिए। (2)

## खण्ड – स

प्र.5 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – (1+2=3)

हम तौ एक एक करि जांनां।<br>
दोइ कहैं तिनहीं कौं दोजग जिन नाहिंन पहिचांनां।।<br>
एकै पवन एक ही पानीं एकै जोति समांनां।<br>
एकै खाक गढ़े सब भांडै एकै कोंहरा सांनां।।<br>
जैसे बाढ़ी काष्ट ही काटै अगिनि न काटै कोई।<br>
सब घटि अंतरि तूँही व्यापक धरै सरूपै सोई।।<br>
माया देखि के जगत लुभांनां काहे रे नर गरबांनां।<br>
निरभै भया कछू नहिं ब्यापै कहै कबीर दीवांनां।।

**अथवा**

और कहना मस्त हूँ मैं,<br>
कातने में व्यस्त हूँ मैं,<br>
वज़न सत्तर सेर मेरा,<br>
और भोजन ढेर मेरा,

कूदता हूँ, खेलता हूँ,<br>
दु:ख डट कर ठेलता हूँ,<br>
और कहना मस्त हूँ मैं,<br>
यों न कहना अस्त हूँ मैं,



Scanned with OKEN Scanner

(1+2=3)

प्र.6 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

"न मुझे विद्वत्ता की चाह है, न अनुभव की, न मर्मज्ञता की, न कार्यकुशलता की। इन गुणों के महत्त्व का परिचय खूब पा चुका हूँ। अब सौभाग्य और सुअवसर ने मुझे वह मोती दे दिया है जिसके सामने योग्यता और विद्वत्ता की चमक फीकी पड़ जाती है। यह कलम लीजिए, अधिक सोच–विचार न कीजिए, दस्तख़त कर दीजिए। परमात्मा से यही प्रार्थना है कि वह आपको सदैव वही नदी के किनारे वाला बेमुरौवत, उद्दंड, कठोर परंतु धर्मनिष्ठ दारोगा बनाए रखे।"

अथवा

जिस प्रकार आपका बहुत ऊँचे चढ़कर गिरना यहां के निवासियों को दुखित कर रहा है, गिरकर पड़ा रहना उससे भी अधिक दुखित करता है। आपका पद छूट गया तथापि आपका पीछा नहीं छूटा है। एक अदना क्लर्क जिसे नौकरी छोड़ने के लिए एक महीने का नोटिस मिल गया हो, नोटिस की अवधि को बड़ी घृणा से काटता है। आपको इस समय अपने पद पर रहना कहाँ तक पसंद है–यह आप ही जानते होंगे। अपनी दशा पर आपको कैसी घृणा आती है, इस बात को जान लेने का देशवासियों को अवसर नहीं मिला।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (शब्द सीमा – 60–80 शब्द)

प्र.7 'गलता लोहा' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। (2)

अथवा

पथेर पांचाली फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला?

प्र.8 "मियाँ नसीरुद्दीन के चेहरे पर किसी दबे हुए अंधड़ के आसार देख यह मजमून न छेड़ने का फैसला किया।" इस कथन के पहले और बाद के प्रसंग का उल्लेख करते हुए स्पष्ट कीजिए। (2)

अथवा

'नमक का दारोगा' कहानी में पण्डित आलोपीदीन के व्यक्तित्व के कौनसे दो पहलू (पक्ष) उभरकर आते हैं?

प्र.9 लोग मीरा को बावरी क्यों कहते हैं और मीरा जगत को देखकर क्यों रोती है? (2)

अथवा

कवि ने चंपा की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है? बताइए।

प्र.10 'घर की याद' कविता में कवि सावन से अपने बारे में बताने के लिए क्या–क्या अनुरोध करता है और क्यों? (2)

अथवा

कबीर ने अपने को दीवाना क्यों कहा है?

प्र.11 आलो–आँधारि रचना बेबी की व्यक्तिगत समस्याओं के साथ–साथ कई सामाजिक मुद्दों को समेटे है। किन्हीं दो मुख्य समस्याओं पर अपने विचार प्रकट कीजिए। (3½)

अथवा

कुंई निर्माण से संबंधित निम्न शब्दों की जानकारी दीजिए –
पालरपानी, पातालपानी, रेजाणीपानी

## खण्ड – द

प्र.12 आपके वार्ड में सड़क निर्माण एवं सीवरेज मरम्मत हेतु नगर निगम को पत्र लिखिए। (3)

अथवा

स्वयं को जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, बाँसवाड़ा मानते हुए बोर्ड परीक्षा केन्द्र खोलने हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को एक पत्र लिखिए।

प्र.13 "भ्रष्टाचार–एक ज्वलन्त समस्या" इस विषय को आधार बनाकर एक सम्पादकीय लिखिए। (3)

प्र.14 आपके विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। (3)

प्र.15 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए – (शब्द सीमा – 300 शब्द) (5)

(i) युवा वर्ग में बढ़ता असंतोष – कारण व निवारण।
(ii) इंटरनेट की उपयोगिता और नुकसान।
(iii) पर्यावरण संरक्षण – प्रदूषण की समस्या व समाधान।
(iv) जनसंख्या वृद्धि की समस्या और उसके उपाय।

--------------------------------------------------------------



Scanned with OKEN Scanner